कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर

व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)–492002

Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,

E-mail- cgvyapam20@gmail.com Website- https://vyapam.cgstate.gov.in

क्रमांक / व्यापम / 2020 / 609 रायपुर, दिनांक 24/06/20

प्रेस विज्ञप्ति

छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा (SET19)– 2019 के अंतिम उत्तर तथा परीक्षा परिणाम जारी करने के संबंध में

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा उच्च शिक्षा संचालनालय के प्रस्ताव पर दिनांक **08.09.2019** को राज्य के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक, क्रीड़ा अधिकारी, ग्रंथपाल के पद हेतु छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा (SET19) का आयोजन किया गया था । यह परीक्षा 19 विषयों में ली गई थी। परीक्षा के दो प्रश्न पत्र थे । Paper - I सभी विषयों के परीक्षार्थियों के लिए कॉमन था तथा Paper - II विषय से सम्बंधित थे । इस परीक्षा हेतु पंजीकृत 56712 परीक्षार्थियों में से 43256 परीक्षार्थी शामिल हुए ।

2. उक्त परीक्षा के मॉडल उत्तर व्यापम के वेबसाइट पर दिनांक **27.11.2019** को प्रदर्शित किया गया था । प्राप्त दावा/आपत्तियों का निराकरण विषय विशेषज्ञों द्वारा किया गया । इसके पश्चात् अंतिम उत्तरों के साथ परीक्षा परिणाम तैयार किया गया । यू.जी.सी. के मापदण्ड के अनुसार तथा राज्य शासन के आरक्षण नीति के अनुसार परीक्षा परिणाम दिनांक 23.06.2020 को मॉडरेशन समिति तथा स्टेयरिंग समिति द्वारा अनुमोदित किया गया ।

3. उक्त परीक्षा के परीक्षा परिणाम आज दिनांक 24.06.2020 को व्यापम के वेबसाइट **vyapam.cgstate.gov.in** पर प्रदर्शित किया गया है । परीक्षार्थी अपने रोल नंबर के आधार पर उक्त वेबसाइट पर अपना परीक्षा परिणाम देख सकते हैं । परीक्षा परिणाम में अभ्यर्थियों को पात्र (Eligible) अथवा अपात्र (Not Eligible) दर्शाया गया है । परीक्षा में पात्रता हेतु विषयवार तथा श्रेणीवार कटऑफ मार्क्स भी वेबसाइट पर प्रदर्शित कर दिया गया है ।

4. जिन परीक्षार्थियों को इस परीक्षा में पात्र घोषित किया गया है, उन्होंने प्राविधिक रूप से इस शर्त पर पात्रता प्राप्त की है कि वे विज्ञापन में दी गई पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं ।

5. परीक्षा में पात्र अभ्यर्थियों का ई–सर्टिफिकेट बाद में जारी कर दिया जायेगा, जिसका प्रिंट आउट व्यापम के उक्त वेबसाइट पर प्राप्त किया जा सकेगा ।

कृपया उक्त विज्ञप्ति अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें ।

(डॉ. प्रदीप चौबे)
सलाहकार
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर